Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding conversion of people in Bastar and Sarguja, Chhattisgarh-laid.

श्री अरूण साव (बिलासपुर): छत्तीसगढ़ अपने भोले- भाले, सहज सरल लोगों का प्रदेश है । जिसे अलग राज्य का दर्जा 01/11/2000 को प्राप्त हुआ है । यह प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है, राज्य के बस्तर और सरगुजा संभाग में आदिवासी समुदाय के लोग बहुतायत में रहते हैं । छत्तीसगढ़ के भोले-भाले सहज सरल लोगों को प्रलोभन आदि के माध्यम से मतांतरित करने का योजनाबद्ध अभियान चलाया जा रहा है । अतः मैं केंद्र सरकार से छत्तीसगढ़ राज्य में तेजी से हो रहे मतांतरण की गतिविधियों पर संज्ञान लेने तथा इस पर रोक लगाने की मांग करता हूँ ।